# दो दिवसीय विज्ञान व गणित शिक्षक कार्यशाला का समापन



**चित्तौड़गढ़** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जिला स्तर पर तकनीकी नवाचारों पर आधारित गणित व विज्ञान शिक्षकों हेतु दो दिवसीय वर्चुअल कार्यशाला शुक्रवार 10 दिसंबर को समग्र शिक्षा कार्यालय चित्तौड़गढ़ में वर्चुअल मोड पर सम्पन्न हुई। कार्यशाला के दूसरे दिन मुख्य वार्ताकार विशेषज्ञ के रूप में ममता जैन प्रवक्ता राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय चित्तौड़गढ़, डॉ सोनिया सिंघला एसो.प्रोफेसर मेवाड़ युनिवर्सिटी एवं डॉ हरि सिहं चौहान प्रोफेसर मेवाड़ युनिवर्सिटी के द्वारा शैक्षिक नवाचार एंव प्रभावी शिक्षण के बारे में व्याख्यान दिया गया। इस कार्यशाला में चित्तौड़गढ़ जिले में कार्यरत विज्ञान व गणित के शिक्षकों ने भाग लिया।

Rajasthan Patrika 11-12-2021

# विज्ञान व गणित शिक्षक कार्यशाला संपन्न

चित्तौड़गढ़, 10 दिसम्बर (नसं.)। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जिला स्तर पर तकनीकी नवाचारों पर आधारित गणित व विज्ञान शिक्षकों की दो दिवसीय वर्चुअल कार्यशाला शुक्रवार को सम्पन्न हुई।

कार्यशाला के दूसरे दिन मुख्य वार्ताकार विशेषज्ञ के रूप में प्रवक्ता राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय ममता जैन, एसो. प्रोफेसर मेवाड़ यूनिवर्सिटी डॉ. सोनिया सिघंला, प्रोफेसर मेवाड़ यूनिवर्सिटी डॉ. हरि सिंह चौहान द्वारा शैक्षिक नवाचार एवं प्रभावी शिक्षण के बारे में व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम के समापन की घोषणा अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक प्रमोद कुमार दशोरा एवं धन्यवाद शंभू लाल सोमानी द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यशाला में जिले में कार्यरत विज्ञान व गणित के शिक्षकों ने भाग लिया।

Jannayak 11-12-2021